भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1501

31 जुलाई, 2024 के लिए प्रश्न

कार्यशील भाण्डागार

1501. श्री प्रदीप कुमार सिंह:

श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में हरियाणा और बिहार में खाद्य भंडारण के लिए कार्यशील भाण्डागारों की जिला-वार संख्या कितनी है तथा इन गोदामों से विशेष रूप से सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कितने किसान लाभान्वित हुए हैं;

(ख) इन भाण्डागारों की कुल क्षमता कितनी है तथा क्या इन भाण्डागारों की क्षमता हरियाणा और बिहार के किसानों से प्राप्त खाद्यान्न के भंडारण के लिए पर्याप्त है;

(ग) क्या सरकार का हरियाणा और बिहार में और अधिक भाण्डागार स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क) और (ख): भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास खाद्यान्नों के भंडारण के लिए हरियाणा और बिहार में कार्यशील वेयरहाउस की जिले-वार संख्या और रबी विपणन मौसम (आरएमएस) 2024-25 के दौरान उक्त जिलों में खरीद से लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है। इसके अलावा, आरएमएस 2024-25 के दौरान केंद्रीय पूल खरीद के तहत सोनीपत संसदीय क्षेत्र में कुल 66,411 किसान लाभान्वित हुए थे।

दिनांक 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार, खाद्यान्न स्टॉक के भंडारण के लिए एफसीआई के पास उपलब्ध कवर्ड स्टोरेज क्षमता (स्वयं की और किराए की) हरियाणा और बिहार राज्य में क्रमश: 56.55 लाख टन और 10.68 लाख टन है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय पूल खाद्यान्न स्टॉक के भंडारण के लिए हरियाणा और बिहार में राज्य एजेंसियों के पास उपलब्ध कवर्ड भंडारण क्षमता क्रमशः 51.36 लाख टन और 18.20 लाख टन है।

.......2/-

बिहार विकेंद्रीकृत खरीद (डीसीपी) वाला राज्य हैं। राज्य सरकार द्वारा अपनी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए)/अन्य कल्याणकारी स्कीमों (ओडब्ल्यूएस) की आवश्यकता के अनुसार खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण और वितरण किया जाता है। यदि खरीद कम होती है, तब भारतीय खाद्य निगम की भूमिका होती है जिसमें स्टॉक को शामिल करके अथवा अधिक खरीद के जरिए कम खपत वाले क्षेत्रों को अधिशेष स्टॉक भेजा जाता है। बिहार राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (बीएसएफसी) एनएफएसए/ओडब्ल्यूएस के तहत खाद्यान्नों की खरीद और वितरण के लिए राज्य सरकार की नोडल एजेंसी है।

हरियाणा एक गैर-डीसीपी राज्य है। किसी राज्य में भंडारण अंतर की गणना मानदंडों के अनुसार की जाती है। इन राज्यों में उपलब्ध एवं प्रस्तावित क्षमता को देखते हुए, मानदंडों के अनुसार भंडारण क्षमता पर्याप्त है।

(ग) और (घ): भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के लिए और बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए खरीद के बाद मुख्य रूप से खाद्यान्न (गेहूं और चावल) का भंडारण करता है, ताकि देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में भंडारण क्षमता की आवश्यकता खाद्यान्न (चावल और गेहूं) के खरीद के स्तर, बफर मानदंडों की आवश्यकता और खाद्यान्नों के लिए पीडीएस प्रचालनों पर निर्भर करती है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) लगातार भंडारण क्षमता का आकलन और निगरानी करता है एवं भंडारण अंतराल आकलन के आधार पर, हरियाणा और बिहार सहित पूरे भारत में निम्नानुसार स्कीमों के माध्यम से भंडारण क्षमताएं सृजित की जाती/किराए पर ली जाती हैं।

1. सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति के तहत साइलो का निर्माण।
2. निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) स्कीम।
3. केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम "भंडारण और गोदाम"।
4. केन्द्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी)/राज्य भंडारण निगमों (एसडब्ल्यूसी)/राज्य एजेंसियों से गोदाम किराए पर लेना।
5. निजी वेयरहाउसिंग स्कीम (पीडब्ल्यूएस)
6. परिसंपत्ति मुद्रीकरण के तहत गोदामों का सृजन।

******

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 31.07.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1501 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

एफसीआई के डिपुओं की संख्या का ब्यौरा (स्वयं के और किराए के)
दिनांक 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार जिलेवार भंडारण क्षमता
(एफसीआई हरियाणा और बिहार)

क्षेत्र	राजस्व जिला	डिपुओं की कुल संख्या	कुल भंडारण क्षमता (टन)	आरएमएस 2024-25 के दौरान लाभान्वित किसानों की संख्या
हरियाणा	फरीदाबाद	1	44460	449255
	पलवल	5	95499	
	भिवानी	3	56838	
	फतेहाबाद	32	821730	
	हिसार	15	497245	
	सिरसा	18	782613	
	अंबाला	13	313411	
	जगाधरी	16	213018	
	पानीपत	7	199845	
	करनाल	32	447988	
	कुरूक्षेत्र	20	376787	
	कैथल	29	874753	
	जींद	21	526422	
	रोहतक	10	154604	
	सोनीपत	10	249937	
कुल		**232**	**5655150**	
बिहार	पटना	4	124530	3388
	नालंदा	1	10000	
	भोजपुर	1	5196	
	बक्सर	1	31320	
	सासाराम	2	30000	
	कैमूर	1	25000	
	गया	2	65382	
	जहानाबाद	1	5000	
	भागलपुर	1	42589	
	मुंगेर	3	21787	
	जमुई	2	7800	
	हाजीपुर	1	7848	
	सारण	1	12528	
	सिवान	4	41988	
	मुजफ्फरपुर	3	61355	
	सीतामढ़ी	2	13352	
	पश्चिमी चम्पारण	3	52643	
	बेगूसराय	1	7480	
	पूर्वी चम्पारण	3	32400	
	दरभंगा	3	18480	
	मधुबनी	3	75357	
	पूर्णिया	4	80351	
	कटिहार	3	39538	
	अररिया	3	32520	
	किशनगंज	2	21900	
	सहरसा	3	29903	
	मधेपुरा	1	3864	
	सुपौल	2	12506	
	मधेपुरा	2	8498	
	खगडिया	4	75411	
	समस्तीपुर	2	22908	
	बेगूसराय	4	48683	
कुल		**73**	**1068117**	